पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेलः reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411

क्रमांकः– 18035 दिनांकः 29.05.2023

प्रबन्ध बोर्ड की विशेष बैठक दिनांक 27.05.2023 का कार्यवाही विवरण

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के प्रबन्ध बोर्ड की विशेष बैठक दिनांक 27.05.2023 को प्रातः 11:30 बजे कुलपति सचिवालय सभागार में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहेः–

क्र.सं	नाम	पद नाम	पदेन
1.	डॉ. भगीरथ सिंह	माननीय कुलपति	अध्यक्ष
2.	श्री राजेन्द्र पारीक	माननीय विधायक विधानसभा क्षेत्र सीकर	सदस्य
3.	श्री जे. पी. चंदेलिया	माननीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र पिलानी	सदस्य
4.	डॉ. फिरोज अख्तर	संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा एवं प्रतिनिधि, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा, जयपुर	सदस्य
5.	श्री महेश कुमार शर्मा	कोषाधिकारी, सीकर एवं प्रतिनिधि, प्रमुख शासन सचिव, वित्त, जयपुर	सदस्य
6.	डॉ. कौशल किशोर	माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा नामनिर्देशित	सदस्य
7.	डॉ. संगीता कुमारी	माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा नामनिर्देशित	सदस्य
8.	डॉ. जगदीश प्रसाद	राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित	सदस्य
9.	डॉ. रणवीर सिंह	माननीय कुलपति द्वारा नामनिर्देशित संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय	सदस्य
10.	डॉ. पुष्पा चौधरी	माननीय कुलपति द्वारा नामनिर्देशित संकायाध्यक्ष, समाज विज्ञान संकाय	सदस्य
11.	डॉ. ऋचा कुलश्रेष्ठ	प्राचार्य, निजी महाविद्यालय राज्य सरकार प्रतिनिधि	सदस्य
12.	श्री राजवीर सिंह चौधरी	कुलसचिव	सदस्य सचिव

प्रबन्ध बोर्ड में राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित सदस्य डॉ. के. डी. स्वामी एवं आयुक्त कॉलेज शिक्षा बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक की विधिवत कार्यवाही आरम्भ होने से पूर्व माननीय कुलपति महोदय ने सभी आगन्तुक सदस्यों का स्वागत किया। बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु कुलसचिव को निर्देशित किया गया और प्रबंध बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत मदों (Agendas) पर निम्नानुसार निर्णय किये गए :–

Item Agenda (मद) 1 :– प्रमुख सचिव, राज्यपाल राजस्थान के पत्रांक एफ.43(2)आरबी/2023/2586 दिनांक 11.05.2023 की पालना में नए कुलपति के चयन हेतु खोजबीन समिति में प्रबंध बोर्ड द्वारा सदस्य नामनिर्देशित करवाने के लिए प्रस्ताव विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है। (परिशिष्ट – ।)

निर्णयः प्रबंध बोर्ड के माननीय सदस्य श्री राजेन्द्र पारीक द्वारा नए कुलपति के चयन हेतु खोजबीन समिति में प्रबंध बोर्ड द्वारा सदस्य डॉ. पी.सी. त्रिवेदी, पूर्व कुलपति, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर का नाम सुझाया गया, जिस पर सदन ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की।

<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु</u>

माननीय विधायक श्री राजेन्द्र पारीक के द्वारा निम्न प्रस्ताव किये गए जिन पर प्रबंध बोर्ड द्वारा निर्णय लिये गएः–

1. **विश्वविद्यालय के संगठक महाविद्यालय बनाने के लिए प्रस्ताव विचारार्थ एवं निर्णयार्थ ।**

निर्णयः विश्वविद्यालय परिसर में "सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस" के रूप में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों फेकल्टी में स्नातक स्तर पर सह शिक्षा (Co-Education) महाविद्यालय शुरू किये जाने का निर्णय किया गया एवं उन्हें ही विश्वविद्यालय के संगठक महाविद्यालय बनाने का निर्णय किया गया।

2. **विश्वविद्यालय में Centre for Shekhawati Diaspora स्थापित करने के संबंध में विचार एवं निर्णय।**

निर्णयः विश्वविद्यालय में Centre for Shekhawati Diaspora स्थापित करने का निर्णय किया गया, जिसमें शेखावाटी क्षेत्र के उद्यमियों, उद्योगपतियों, एन्टरप्रेन्योर्स का अध्ययन किया जायेगा।

3. **विश्वविद्यालय में Centre for Defence Studies स्थापित करने के संबंध में विचार एवं निर्णय।**

निर्णयः विश्वविद्यालय में Centre for Defence Studies स्थापित करने के संबंध में विचार–विमर्श कर स्नातक स्तर का कोर्स शुरू किये जाने का निर्णय किया गया। इस कोर्स में एनडीए के स्तर का रोजगारोन्मुख कोर्स क्यूरीकूलम लागू किये जाने का निर्णय किया।

अंत में, माननीय अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

कुलसचिव